दिनांक–16.06.2024 समय–2.10पीएम

प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

केंद्रीयमंत्री–स्वागत

केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल प्रदेश के 6 मंत्रियों का आज भोपाल में अभिनंदन किया जाएगा। भाजपा कार्यालय में अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। सभी 6 केंद्रीय मंत्रियों शिवराज सिंह चौहान, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया, एल. मुरूगन, दुर्गादास उईके और सावित्री ठाकुर का पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा अभिनंदन किया जाएगा। वहीं केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार भोपाल आ रहे शिवराज सिंह चौहान का भोपाल में 65 से अधिक जगह भाजपा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, कर्मचारी संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। इससे पहले श्री चौहान का दिल्ली से ट्रेन से आने के दौरान आगरा, ग्वालियर, बीना, मुरैना आदि जगहों पर स्वागत किया गया।

....

मुख्यमंत्री इंदौर जल संरक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर के भोरासला स्थित प्राचीन बावड़ी में 'गंगा जल संवर्धन अभियान' के अंतर्गत श्रमदान किया। मुख्यंमंत्री ने 51 लाख पौधारोपण अभियान का विधिवत शुभारंभ भी किया । इस अवसर पर प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री, माननीय कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री, तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्य मित्र भार्गव और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इसके पहले मुख्येमंत्री ने उज्जैन में 'पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा' के संचालन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि उज्जैन में एयरपोर्ट का प्रस्ताव मंजूर हो गया। अब उज्जैन को एयरपोर्ट की भी सौगात शीघ्र मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री पुरातात्विक धरोहर "मोदी का चोपडा" उज्जैन में "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

....

प्रवेशोत्सव–प्रदेष

प्रदेश के स्कूलों में 18 से 20 जून तक प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा है। निर्देशों के अनुसार, 18 जून को प्रवेशोत्सव के प्रथम दिन स्कूल आने वाले विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों का स्वागत किया जाएगा। साथ ही शाला त्यागी बच्चों की पहचान कर उनका प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। प्रवेशोत्सव के प्रथम दिवस सभी शालाओं में विशेष भोज भी होगा। प्रवेशोत्सव के दूसरे दिन स्कूल में शिक्षकों द्वारा अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थी के अभिभावकों से सुझाव लेकर कक्षावार तथा विषयवार शैक्षणिक कैलेण्डर तैयार किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा अभिभावकों को संबोधित पत्र का वितरण किया जाएगा। इसी दिन शाला में प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण कराया जाएगा। प्रवेशोत्सव के अंतिम दिन 20 जून को भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

....

पीएम– मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कडी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में दोबारा चुने जाने के बाद यह पहला मन की बात कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता टोल फ्री नंबर 18 00–11–78 00 के माध्यम से अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। आप अपने विचार नरेंद्र मोदी ऐप या MyGov

Open Forum के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को इस कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

....

गंगा दशहरा

आज गंगा दशहरा का पर्व मनाया जा रहा है। मान्यता है कि ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन मां गंगा स्वर्ग से धरती पर आई थीं। गंगा दशहरा पर दान और स्नान का अधिक महत्व बताया गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गंगा दशहरा पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा आध्यात्म, संस्कृति एवं आस्था की स्रोत, माँ गंगा के पावन अवतरण दिवस 'गंगा दशहरा' की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। बड़वानी में मां नर्मदा रोहणी तीर्थ राजघाट पर आज महायज्ञ, भजन संध्या, दीपदान का कार्यक्रम रखा गया है। साथ ही प्रदेश के कई स्थानों पर आज नदियों में स्नान और दान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

....

मौसम

इस बार प्रदेश में तय समय से 4 से 5 दिन की देरी से मानसून दस्तक देगा। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी की ओर से आ रहा मानसून अभी कमजोर पड़ गया है। इस वजह से प्रदेश में इसके आने में समय लग सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि 19–20 जून तक बालाघाट, डिंडोरी से मानसून का प्रवेश हो सकता है। अगले 2–3 दिन में यह पूर्वी हिस्से में सक्रिय हो जाएगा। आज इंदौर, देवास, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा और बैतूल में आंधी–बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सतना, रीवा, मैहर, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली में लू का ऑरेंज अलर्ट और छतरपुर, निवाड़ी, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर में गर्म हवाओं का यलो अलर्ट है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले में सोहागपुर विधायक विजय पाल सिंह, एसडीएम और स्थानीय लोगों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम शोभापुर में तालाब गहरीकरण के कार्य में श्रम दान किया।
- शिवपुरी जिले में कल जिलाधीश कार्यालय में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पशु नस्ल सुधार पर विशेष बल दिया जाए।
- रायसेन जिले के ग्राम सेहतगंज शराब फैक्ट्री में बाल श्रम मामले में श्रम इंस्पेक्टर सहित आबकारी विभाग के 4 अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है।

....